पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक -04-04-2024

विषयः- 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त थाना चौक पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 04-04-2024 को अभियुक्त अतुल कुमार पाठक पुत्र कृपा शंकर पाठक निवासी- पँचवार थाना जंसा जनपद वाराणसी, उम्र करीब 42 वर्ष को 10 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ सेवा सदन अस्पातल के गैरेज के पास आदि विशेश्वर गली से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0- 35/2024, धारा- 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-

दिनांक- 04.04.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय की पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त अतुल कुमार पाठक पुत्र कृपा शंकर पाठक नि0 पँचवार थाना जंसा जनपद वाराणसी, उम्र करीब 42 वर्ष को 10 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ सेवा सदन अस्पातल के गैरेज के पास आदि विशेश्वर गली दिनांक 04.04.2024 को गिरफ्तार किया गया। अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का विवरणः-

1. अतुल कुमार पाठक पुत्र कृपा शंकर पाठक नि0 पँचवार थाना जंसा जनपद वाराणसी, उम्र करीब 42 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः- स्थान- सेवा सदन अस्पातल के गैरेज के पास आदि विशेश्वर गली दिनांक 04.04.2024

बरामदगी का विवरणः-

1. 10 लीटर कच्ची शराब व 210 रुपया बरामद।

पूछताछ अभियुक्तः- पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो अपना नाम अतुल कुमार पाठक पुत्र श्री कृपा शंकर पाठक उम्र करीब 42 वर्ष निवासी पँचवार थाना जंसा जनपद वाराणसी बताया जामा तलाशी लेने पर पहने पैण्ट के पिछले जेब से 210 रुपये मिला। भागने का कारण पूछा गया तो गलती की माफी मागते हुए बताया कि इस गैलन में कच्ची शराब लिया हूँ जिसे मैं बेचने के लिए घाट की तरफ जाने वाला था लेकिन धूप के कारण यहां गैरेज के पास रुका था कि आप लोगो ने पकड़ लिया। साहब 2 पैसे की लालच में शराब बेचकर पैसा कमा लेता हूँ, इस समय चुनाव का समय चल रहा है इसलिए लाभ अधिक हो जा रहा है।

बरामदगी एवं गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
3. का0 अरविन्द यादव थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 दानिश अख्तर थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अतुल चन्द्र थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 यशवन्त सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।